दिनांक 10 मार्च 2020, अतिरिक्त यात्रा परामर्श

विश्वभर के सौ से अधिक देशों में अब तक कोविड-19 के कई मामले सामने आए हैं। इन देशों की यात्रा करने वाले लोग या जो लोग विदेश की यात्रा कर चुके हैं, वे प्रभावित लोगों के संपर्क में आ सकते हैं। ये लोग कोविड-19 द्वारा अपने प्रवास के दौरान या हवाई अड्डों पर पारगमन के दौरान भी संक्रमित हो सकते है। इन देशों के भीतर कुछ देशों ने विशेषकर संक्रमण के उच्च जोखिम से पीड़ित देशों ने यात्रियों संबंधित मृत्यु के मामलों की बहुत बड़ी संख्या दर्ज की है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने समय-समय पर यात्रा परामर्श जारी किए गये थे।

उपरोक्त के मद्देनजर, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है:

क. विदेश/परदेश में गैर ज़रूरी यात्रा से बचें।

ख. चीन, इटली, ईरान, कोरिया गणराज्य, फ्रांस, स्पेन और जर्मनी की यात्रा करने से परहेज करने के लिए भारतीय नागरिकों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है।